कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,शेखपुरा।

नियुक्ति सूचना– 01/2026

निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत कुल 100 पारा विधिक स्वयं सेवक को सूचीवद्ध करने हेतु नया आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन का प्रारूप एवम् आवेदक की योग्यता का विवरण अलग से संलग्न किया जा रहा है। आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रबंध कार्यालय में भी उपलब्ध है। योग्य आवेदक दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 11.09.2026 को समय 05:00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पंजीकृत डाक या स्वयं हाथों– हाथ निम्नांकित पते पर भेंजे :–

आवेदन भेजने का पता :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय,शेखपुरा।
पिन कोड– 811105

पुनः सूचित करना है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार,शेखपुरा के अन्तर्गत पूर्व में चयनित एवं कार्यरत पारा विधिक स्वयं सेवकों को पुनः आवेदन देना होगा, उन्हें वरीयता प्रदान की जा सकती है।

कार्यालय इस सूचना की प्रति व्यवहार न्यायालय के सूचना पट्ट पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सूचना पट्ट पर, सभी विधिक सहायता केन्द्र के सूचना पट्ट पर एवं जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सूचना पट्ट पर लगाए। कार्यालय, विज्ञापन एवं सूचना की एक प्रति जिला विधिज्ञ संघ के सूचना पट्ट पर लगाने हेतु जिला विधिज्ञ संघ को अनुलग्नक के साथ भेजें।

District Legal Service Authority
Sheikhpura

आदेशानुसार

11/08/2026.

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
शेखपुरा।

आम सूचना

जिला विधिक सेवा प्राधिकार,शेखपुरा।

पारा विधिक स्वयं सेवकों (Para Legal Volunteers) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

A. आवेदन कौन दे सकता है :–

1. आवेदक शेखपुरा जिला (बिहार) के स्थायी निवासी हो,
2. शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो,
3. अच्छा चरित्र का हो, तथा समाजसेवा में रूचि रखता हो,
4. कोई भी आपराधिक मुकदमे का आरोपी/दोषसिद्ध न हो,
5. किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं हो,
6. ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष/अन्य) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं इनमें शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित), सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, डॉक्टर, छात्र (विधि के छात्र जिनका अधिवक्ता के रूप में नामांकन नहीं है), गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोडकर), जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार पारा विधिक स्वयं सेवक के रूप में पहचाने जानें के लिए उपयुक्त समझें। पूर्व में चयनित एवं कार्यरत पारा विधिक स्वयं सेवकों को पुनः आवेदन देना होगा। उन्हें वरीयता प्रदान की जा सकती है।

B. पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य :– पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीडितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय द्वारा सौंपा जाए, को करना हैं।

C. पदों की संख्या :– 100 (एक सौ)। इस संबंध में अंतिम निर्णय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा का होगा। चूंकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से गाँवों के समूह में कार्य लेना हैं। अतः जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा।

D. आरक्षण :- क्योंकि पारा विधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना हैं तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं हैं। यह चयन एक वर्ष के लिए है।

E. उम्र सीमा :– न्यूनतम 18 वर्ष।

F. मानदेय :–रू0 –750/– (सात सौ पच्चास रूपया) मात्र प्रतिदिन। परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए भुगतेय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती हैं ।

G. नियुक्ति प्रकिया :– पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन साक्षात्कार के माध्यम् से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा के चयन समिति द्वारा किया जाएगा एवं चयन के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा और बाध्यकारी होगा।

H. साक्षात्कार की तिथि :– साक्षात्कार हेतु सिविल कोर्ट के बेवसाइट https://sheikhpura.dcourts.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

I. शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक पास अथवा समकक्ष।

आवेदन विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति लगाकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा के कार्यालय में डाक द्वारा या स्वयं हाथों –हाथ दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 11.09.2026 को समय 05:00 बजे अपराह्न तक भेंजें। इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन के साथ 55/– (पचपन रूपये) का डाक टिकट लगा, स्वएता लिखा लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करें। आवेदक अपने आवेदन पर अपनी संपर्क संख्या (मोबाइल नं0) अनिवार्य रूप से लिखे।

J. आवेदन जमा करने का पता :–

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय,शेखपुरा।
पिन कोड– 811105

सम्पर्क संख्या – 06341–223006
आवेदन दाखिल करने की अन्तिम तिथि – 11.09.2026

K. नोट:– आवेदक विहित प्रपत्र सिविल कोर्ट, शेखपुरा के अधिकारिक बेवसाइट से डाउनालोड कर सकते है। साथ ही साक्षात्कार एवं चयन से संबंधित सूचना हेतु https://sheikhpura.dcourts.gov.in के 'Recuitments ' लिंक से डाउनलोड किया जा समता है।

सचिव, 11/8/2026
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा

पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

(पारा विधिक स्वयं सेवक में चयन नियुक्ति नहीं है। आप किसी स्थायी/अस्थायी/अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारी नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार में सहयोग देने हेतु स्वयं सेवक है।)

स्व– अभिप्रमाणित फोटो

1. नाम :–

2. पिता का नाम :–

3. जन्म तिथि :–

4. शैक्षणिक योग्यता :–

(यदि कार्य अनुभव हो तो प्रमाण – पत्र संलग्न करें)

5. लिंग (पुरूष/महिला/ उभयलिंगी) :–

6. स्थायी पता (मोबाइल नं0 सहित) :–

ग्राम/ मोहल्ला..... पंचायत का नाम.....

प्रखंड ..... थाना..... जिला.....

पिन.....राज्य..... मोबाइल नं0.....

7. वर्तमान पत्राचार पता (मोबाइल नं0 सहित) :–

ग्राम/ मोहल्ला..... पंचायत का नाम.....

प्रखंड ..... थाना..... जिला.....

पिन.....राज्य..... मोबाइल नं0.....

8. आवेदक किस वर्ग से है यथा (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग)–

9. आवेदक निम्न में से किस श्रेणी का है :–

a. शिक्षक (कार्यरत/सेवानिवृत) b. सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी c. सामाजिक विज्ञान स्नातकोत्तर/ि क्षक

d. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/चिकित्सक e. छात्र/ विधि अध्ययनरत छात्र (जब तक कि उसका अधिवक्ता के रूप में पंजीयन नहीं हुआ हो) f. किसी गैर राजनितिक संगठन NGO /उसका सदस्य/ सामाजिक कार्य से जुड़ा हुआ महिला स्वयंसेवक समूह एवं अन्य विशेष समुदाय की महिला h. अन्य

10. आवेदक के विरूद्ध लंबित मुकदमा में आवेदनकर्ता क्या है :– आवेदक/ विपक्षी
(यदि मुकदमा लंबित है तो न्यायालय का नाम तथा अपराध की धाराएँ/आवेदक जमानत पर है या नही)

10. आवेदक को किसी न्यायालय से दोष सिद्ध किया गया है/आवेदक किसी मामले में फरार चल रहा हो :–

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन में दी गई सभी सूचना मेरी जानकारी में विश्वसनीय एवं सत्य है। इसके असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन रद्ध कर दिया जाएगा।

तिथि :–

स्थान :–

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शेखपुरा

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

साक्षात्कार पत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

क्रमांक –.....

(कार्यालय उपयोग के लिए)

स्व– अधिप्रमाणित फोटो

1. नाम :–

2. पिता का नाम :–

3. जन्म तिथि :–

4. आवेदक की श्रेणी (सामान्य/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पिछडा वर्ग/ अति पिछडा वर्ग)

.....

5. स्थायी पता :–

ग्राम/ मोहल्ला..... पंचायत का नाम.....

प्रखंड ..... थाना..... जिला.....

पिन.....राज्य..... मोबाइल नं0.....

6. पत्राचार पता (मोबाइल नं0 सहित) :–

ग्राम/ मोहल्ला..... पंचायत का नाम.....

प्रखंड ..... थाना..... जिला.....

पिन.....राज्य..... मोबाइल नं0.....

7. ई–मेल (यदि हो तो)–

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

स्थान:–

तिथि :–

केवल कार्यालय उपयोग के लिए

साक्षात्कार तिथि – समय –

स्थान –

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार,शेखपुरा

घोषणा पत्र

मैं ..... पिता - .....

ग्राम / मोहल्ला ..... पंचायत का नाम .....

प्रखण्ड ..... थाना .....

पिन ..... जिला .....

राज्य .....

घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित नहीं है और मुझे किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध या दिवालिया घोषित नहीं किया गया है। मैं बिना किसी लोभ के, स्वेच्छा से विधिक सेवा का कार्य करना चाहता/चाहती हूँ।

आवेदक का हस्ताक्षर